सेमी – कंडक्टर लेबोरेटरी
**Semi-Conductor Laboratory**
Ministry of Electronics & Information Technology
इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय
Govt of India /भारत सरकार

संदर्भ: विज्ञापन संख्या एससीएल-02/2025
दिनांक: 12.06.2025

सैक्टर-72, सा. अ. सि. नगर - 160071
Sector 72, S.A.S. Nagar -160 071
(चण्डीगढ़ के समीप) पंजाब,भारत
(Near Chandiagrh) Punjab, India
टेलीफोन/Phone :(0172)-229-6000,6100,6200,6300,6400
फैक्स/Fax : 0172- 2237410
वेबसाइट / Website : www.scl.gov.in

# सूचना

दिनांक 27.01.2025 के विज्ञापन संख्या एससीएल 02/2025 में सहायक (प्रशासनिक सहायक स्टाफ) के पद पर भर्ती के संदर्भ में यह सूचित किया जाता है कि दिनांक 13.07.2025 (सुबह 10.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक) नई दिल्ली/चंडीगढ़ के विभिन्न केंद्रों पर ओएमआर आधारित लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा स्थल पर रिपोर्टिंग का समय और निर्देश संबंधी विवरण एडमिट कार्ड डाउनलोड करते समय प्रदर्शित किए जाएंगे। यह स्पष्ट किया जाता है कि लिखित परीक्षा के शहर सहित एडमिट कार्ड डाउनलोड करने की सुविधा परीक्षा से 7 दिन पहले उपलब्ध करवाई जाएगी और परीक्षा केंद्र का पूरा पता परीक्षा से 2 दिन पहले एससीएल की वेबसाइट अर्थात "www.scl.gov.in" पर क्रमशः "एंगेज विद अस" और 'करियर' के तहत उपलब्ध करावाया जाएगा। उम्मीदवार को परीक्षा हॉल में एडमिट कार्ड का प्रिंटआउट लाना होगा।

2. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/भूतपूर्व सैनिक/दिव्यांग वर्गों तथा महिला उम्मीदवारों द्वारा लिखित परीक्षा में उपस्थित होने पर भुगतान की गई आवेदन फीस (बैंक शुल्क को छोड़कर, यदि कोई हो) वापस कर दी जाएगी। इन वर्गों के उम्मीदवारों को एडमिट कार्ड डाउनलोड करने से पहले अपने बैंक विवरण (बैंक का नाम, खाताधारक का नाम, खाता संख्या और IFSC कोड) दर्ज करना होगा ताकि फीस वापसी की प्रक्रिया पूरी की जा सके।

3. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/भूतपूर्व सैनिक/दिव्यांग/अन्य पिछड़ा वर्ग/ आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों के अभ्यर्थियों को अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड करते समय अनिवार्य रूप से अपना वर्ग प्रमाण पत्र अपलोड करना होगा।

4. दिव्यांग उम्मीदवार जो स्क्राइब सुविधा का लाभ उठाना चाहते हैं, उन्हें दिनांक 27.01.2025 विज्ञापन संख्या एससीएल:02/2025 में दिए गए अनुलग्नक-II में स्क्राइब का विवरण भरकर परीक्षा की तिथि से कम से कम 07 दिन पहले पंजीकृत डाक के माध्यम से सेमी कंडक्टर प्रयोगशाला (एससीएल), सा.अ.सिं नगर, सेक्टर 72, 160071 में जमा करवाना होगा। स्क्राइब को दिनांक 27.01.2025 विज्ञापन संख्या एससीएल:02/2025 में दिए गए अनुलग्नक-III के अनुसार परीक्षा की तिथि से कम से कम 07 दिन पहले एससीएल, एसएएस नगर, सेक्टर 72, 160071 में या परीक्षा की तिथि से 03 दिन पहले एससीएल कार्यालय: स्कोप मीनार, द्वितीय तल, कोर-4, निर्माण विहार मेट्रो स्टेशन के पास, लक्ष्मी नगर, नई दिल्ली -110092 में घोषणा प्रस्तुत करनी होगी।

विज्ञापन के अन्य नियम एवं शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।

शिल्पी सिंह

(शिल्पी सिंह)
प्रमुख, पीएण्डजीए